सार-समाचार

पुलिस ऑफिसर कॉन्फ्रेंस 2024 आयोजित

जोधपुर, (कासं)। देश में 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता के तहत आज जोधपुर ठाामीण की जिला स्तरीय पुलिस ऑफिसर कॉन्फ्रेंस 2024 पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित हुई। इसमें नए आपराधिक कानून और पुलिस की चुनौतियों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता रेंज आईजी विकास कुमार ने की। अपने संबोधन में आईजी रेंज विकास कुमार ने बताया कि देशभर में लागू हुए नए आपराधिक कानून और इन कानून की धाराओं को आम पुलिसकर्मी बेहतर तरीके से समझ सके इसके लिए इस तरह की कॉन्फ्रेंस की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में अंठोजों के जमाने के बने कानून जिनका नाम भारतीय दंड संहिता था यानी अपराधी को दंड देना उद्देश्य था लेकिन भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य न सिर्फ अपराधी को दंड देना है बल्कि पीड़ित पक्ष को न्याय मिले यह सुनिश्चित करना है। इसी तरह से बनाए गए नए कानून और आने वाले समय में पुलिस की कार्यप्रणाली को किस प्रकार से बदला जाए इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना है। इस बार ग्रामीण पुलिस में नई पहल करते हुए डिनर पर इस पूरे कानून को लेकर चर्चा की जाएगी जिससे कि सभी पुलिसकर्मी एक साथ डिनर करते हुए नए अपराधिक कानून को लेकर चर्चा करेंगे। जोधपुर के ग्राम दईजर में पुलिस लाइन परिसर में यह कार्यक्रम होगा। बैठक में एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि जयपुर में हुए राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में धरातल स्तर पर किस प्रकार से पुलिसिंग हो, इसी को लेकर ये सम्मेलन जिला स्तर पर किया जा रहा है। वर्तमान में पुलिस की चुनौतियां, पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

बदमाशों ने कार के कांच फोड़े

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में घर के बाहर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाने का मामला सामने आया है। शहर में बाइक सवार बदमाशों की गैंग सक्रिय है। महामंदिर थाना क्षेत्र में बीजेएस कॉलोनी की गलियों में बाइक सवारों ने आतंक मचाया। गलियों में खड़ी दो से तीन गाड़ियों के कांच तोड़ दिए। बाइक सवारों के इस आतंक से क्षेत्रवासी परेशान हैं। मोहन नगर बी बीजेएस कॉलोनी निवासी एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह भाटी ने महामंदिर थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि 30 नवंबर को देर रात उनकी कार घर के बारह पार्क थी लेकिन देर रात बाइक सवार आए और पत्थर मार कर कार के कांच तोड़ दिए। भाटी ने बताया कि बीजेएस की गली नंबर 12, 06 और 5 में भी बाइक सवार लोगों ने गाड़ियों के कांच तोड़े हैं। भाटी ने रिपोर्ट में बताया कि क्षेत्र में सुरेन्द्र सिंह, शंभू दयाल सिंह, दिलीप सहित, विक्रम सिंह, राजेन्द्र सिंह सहित करीब 10 लोगों की गाड़ियों के शीशे बाइक सवारों ने तोड़े हैं। बाइक सवारों का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वे गली में रेकी कर गाड़ियां देखते नजर आए और बड़ी गाड़ी देख वहां रुके और आस-पास पड़े बड़े पत्थर गाड़ी के कांच पर मार कर तोड़ते दिखे। दो बाइक पर आए चार से अधिक लोगों में एक ने कार पर उस समय तक पत्थर मारे, जब तक शीशा टूट न गया। थाने में मामला दर्ज कर हैड कॉन्स्टेबल गणपत सिंह को जांच सौंपी है।

ललित कुमार प्रशिक्षक नियुक्त

जालोर, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोपसी के शारीरिक शिक्षक ललित कुमार को अंडर 19 राष्ट्रीय स्कूली वूशु छात्र दल का प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है।जिला वूशु संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य व महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 68वीं विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के तहत अंडर 19 राष्ट्रीय स्कूली छात्र/छात्रा वूशु प्रतियोगिता दिल्ली में 9 से 15 दिसम्बर तक आयोजित होगी।ललित कुमार पहले 2 से 6 दिसंबर तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जस्सूसर गेट बीकानेर में आयोजित होने वाले वूशु खेल के पूर्व प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाडियों को वूशु खेल की बारीकियों से अवगत कराएंगे। तत्पश्चात दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली वूशु प्रतियोगिता में अपनी सेवाएं देंगे। गौरतलब है कि ललित कुमार जालोर जिले में वूशु खेल के एकमात्र एनआईएस कोच हैं। जिनके प्रशिक्षण से कई खिलाडियों ने रष्ट्रीय स्तर पर जालोर जिले को गौरवान्वित किया है। ललित कुमार को राज्य स्कूली वूशु दल का प्रशिक्षक लगाए जाने पर राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, महासचिव ममता वर्मा, भारतीय वूशु टीम कोच राजेश कुमार टेलर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोपसी के प्रधानाचार्य अंबाराम पुरोहित सहित स्टाफ साथियों व जिले भर के वूशु खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

दो युवकों को शांतिभंग में पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर एरिया में 28 नवंबर की रात में कुछ युवकों द्वारा कार में सवार होकर गलियों में उत्पात मचाया गया था। इस बारे में वीडियो वायरल होने के साथ ही पुलिस में मोहल्लेवासियों ने शिकायत दी। पुलिस की टीम ने कार की पहचान की और दो सवार दो युवकों को अब शांतिभंग में गिरफ्तार करने के साथ कार को सीज की है। प्रतापनगर थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि 28 नवंबर को सूचना मिली कि एरिया क्षेत्र में कुछ युवक गलियों एवं मोहल्लों में तेज गति से कार को चलाकर परेशान कर रहे है और हुडदंग कर रहे है। इस पर पुलिस की एक टीम एएसआई श्रीराम, कांस्टेबल जयपाल, राकेश, प्रेमाराम, श्यालाल एवं राजेश की गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज से कार की पहचान के साथ उसमें सवार दो युवकों जिनमें बलदेव नगर गली नंबर 2 निवासी राहुल पुत्र ओमप्रकाश प्रजापत, गली नंबर 11 बलदेव नगर निवासी भरत पुत्र दिनेश प्रजापत को अब शांतिभंग के आरोप में पकड़ा गया है। कार को भी सीज किया गया है।

विंड मिल से वायर चुराया

जैसलमेर, (कासं)। जिले के खुहडी थाना इलाके के कोटड़ी गांव में बीती रात चोरों ने विंड मिल से करीब 4 लाख का वायर चुराया। गार्ड को जानकारी मिलने पर चोरों का करीब 1सौ किमी पीछा किया। चोर शहर की गफूर भट्टा कच्ची बस्ती स्थित एक कबाड़ी के यहां चोरी के वायर डालकर फरार हो गए। सुरक्षा गार्डों ने कबाड़ी के यहां दबिश देकर पुलिस को मौके पर बुलाया। अब पुलिस और विंड मिल कंपनी के लोग चोरी हुआ माल बरामद करने की कार्रवाई कर रहे हैं। विंड वर्ल्ड कंपनी (एनरकोन) के एडमिन सिक्योरिटी, अभिमन्युसिंह ने बताया- उनकी मशीनों में लगातार चोरियां हो रही है। बीती रात हुई चोरी के मामले में हमने चोरों का पीछा किया मगर वे एक कबाड़ी के यहां चोरी का माल रखकर फरार हो गए। हमने हमारा सामान पहचान लिया है और उसे बरामद कर लिया है। अब पुलिस अपना काम कर रही है

चिकन की दुकान से नौकर नगदी लेकर फरार

जोधपुर, (कासं)। शहर के पुराना स्टेडियम रोड पर एक चिकन की दुकान से नौकर हजारों रूपए की नगदी चुराकर चंपत हो गया। इस बारे में दुकान मालिक ने उदयमंदिर थाने में रिपोर्ट दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। दर्पण सिनेमा के पीछे स्टेडियम क्षेत्र में रहने वाले मेहमूद वेली पुत्र अल्लावेली ने रिपोर्ट दी कि उसकी एक चिकन की दुकान स्टेडियम क्षेत्र में आई है। जहां से उसके नौकर सलीम ने गल्ले से हजारों रूपए की नगदी को चुराने के बाद फरार हो गया। वह बिहार के क नियागंज का रहने वाला है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

14 पीरों का दो दिवसीय उर्स 5 से

जोधपुर, (कासं)। पांचवी रोड, गीता भवन के पास स्थित 14 पीरों का दो दिवसीय उर्स हाजी रमजान शाह की जेरे परस्ती में धूमधाम से मनाया जाएगा।उर्स कार्यक्रम संयोजक व खादिम सलाम शाह ने बताया कि 5 व 6 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय उर्स में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की कडी में 5 दिसंबर को सांय 5 बजे से लंगर व रात्रि 2 बजे संदल चढाया जाएगा तथा 6 दिसंबर को बकरामंडी स्थित आलम शाह के छल्ले पर चादर चढाने के बाद आम जुलूस के साथ 14 पीरों के दरबार में सांय 4 बजे चादर पेश की जाएगी । रात्रि 9 बजे मशहूर कव्वाल इरफान तुफेल व सहयोगियों द्वारा कव्वाली का कार्यक्रम होगा। अलसुबह 4 बजे कुल की रस्म के साथ उर्स सम्पन्न होगा।

रहवासीय ढाणी में दबिश, जमीन में दबी अफीम पकड़ी

जोधपुर, (कासं)। जिला ग्रामीण की कापरड़ा पुलिस ने रहवासी ढाणी से करीब एक किलो अफीम दूध व डेढ़ किलो अफीम का पाउडर जब्त किया।ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि जिला विशेष टीम जोधपुर ग्रामीण ने सूचना पर कापरड़ा थानाधिकारी कुमार दुगस्तावा व उनकी टीम व जिला विशेष टीम ने बासनी कापरडा निवासी राजीव पुत्र जोराराम के खेत में बनी रहवासी ढाणी के पीछे तलाशी ली तो जमीन में दबे ड्रम में अलग-अलग प्लास्टिक की थैलियों में 894 ठाम अवैध मादक पदार्थ अफीम का दूध, 251 ठाम बना हुआ अफीम, 1.045 ठाम अफीम में मिलाने वाला काला पेस्ट एवं 484 ठाम अफीम में मिलाने वाला काला पाउडर मिला।

योजनाओं व सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने विभागीय योजनाओं व सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए जिले के औसत निस्तारण समय को कम करने

■ **सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के औसत निस्तारण समय को कम कर परिवादों के संतुष्टिपूर्ण समाधान के दिए निर्देश**

जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गांवडे ने अधिकारियो की साप्ताहिक बैठक ली। फोटो राष्ट्रदूत

तथा परिवादों के संतुष्टिपूर्ण समाधान के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर 6 माह से अधिक प्रकरणों, पीजी, सीएमओ सहित वीवीआईपी स्तर से प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर आमजन को राहत प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा समस्या निस्तारण के उपरांत परिवादी से वार्ता कर समाधान करवाने की बात कही। उन्होंने स्थानीय नगरीय निकायों, सहकारिता, राजस्व, पीएचईडी विभागों को विशेष मॉनिटरिंग करते हुए परिवादों को सुचारू ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सीएचसी व पीएचसी स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए दवाईयों की उपब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिस्कॉम के अधिकारियों को जले हुए ट्रांसफॉर्मर को नियत समय में बदलवाने की बात कही।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, डिस्कॉम के एसई पी.एस.राठौड़, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता जितेन्द्र त्रिवेदी, प्रवर्तन निरीक्षक नमिता नारवाल, नगर परिषद के आयुक्त दिलीप माथुर, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव सुथार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कृषक सोनाराम माली अवार्ड से सम्मानित

जालोर, (कासं)। कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों का सम्मानित करने के लिए पूसा मैदान दिल्ली में कृषि जागरण द्वारा मिलेनियर फार्मर ऑफ़ इंडिया अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जालोर जिले के तूरा ग्राम निवासी कृषक सोनाराम माली को मिलेनियर फार्मर ऑफ़ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह अवार्ड .षि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के साथ 10 लाख रुपये से अधिक आय अर्जन करने वाले किसानों को दिया जाता है, जो किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है। सोनाराम माली पूर्व में बेंगलोर में एक व्यापारी थे किन्तु कृषि में रूचि एवं अपने गाँव से जुड़ाव होने के कारण व्यापा छोड़ खेती के लिए कृषि विज्ञान केंद्र केशवना के संपर्क में आये एवं .षि विज्ञान केंद्र केशवना के वैज्ञानिकों द्वारा सोनाराम को अनार की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र केशवाना के वैज्ञानिकों द्वारा अनार एवं अन्य उद्यानिकी फसलों के बारे में दी।

अधिकारी कर रहे अनार व्यापारियों से अवैध वसूली, सौंपा ज्ञापन

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के सायला तहसील स्थित ग्राम जीवाणा में अनार के व्यापारियों से अधिकारियों द्वारा अवैध वसूल करने को लेकर सोमवार को शिव सेना जिला प्रमुख रुपराज राजपुरोहित के नेतृत्व में जिला कलैक्टर जालोर डॉ.प्रदीप के .गांवडे को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि अनार की सीजन में दो महीने के लिए किसानों की सहायता के लिए उनके अनार की ग्रेडिंग कर किसान को अनार के उच्चतम भाव उपलब्ध करवाने के लिए कुछ किसानों के खेतो में अनार स्टोरेज की जाती है, उन खेत में अनार के बिना अन्य कोई कॉर्मसियल गतिविधिया नहीं होती, यानि किसान के खेत से अनार निकालकर ट्रैक्टर द्वारा अनार लाकर उसकी ग्रेडिंग कर बॉक्स में पैक करके भारत के अन्य राज्यों में भेजकर किसान को अच्छी कीमत दिलवाने का कार्य कुछ किसान सहायक करते है। जबकि किसान को अनार का मार्किट उपलब्ध करवाकर अनार की उच्च कीमत दिलवाने का कार्य सरकार का है, लेकिन सरकार के अधिकारी उपखण्ड अधिकारी सायला व तहसीलदार सायला इन किसानों के विपरीत जाकर, अनार ग्रेडिंग करने वाले किसान से हफ्तावसूली की मंशा से किसान सहायक को डराकर उनसे अवैध वसूली की मंशा से नोटिस भेजकर उक्त भूमि में गैर कृषि कार्य का हवाला देकर लाखो रुपयों के नोटिस भेजे है जबकि अनार की अलग अलग ग्रेडिंग कर उन अनार को बॉक्स में पेकिंग करना भी एक कृषि कार्य का हिस्सा है।

राजस्व अधिनियम में यह प्रवधान है कि छोटी कृषि भूमि में यानि 500 वर्गमीटर तक किसान अपने खेत में अनाज भण्डारण हेतु टिन शेड, वेअर हॉउस किसान के रहने के लिए उक्त भूमि को गैर कृषि हेतु उपयोग कर सकता है, यदि किसान की भूमि का क्षेत्रफल बढा हो तो उक्त भूमि के 50 वे हिस्से में किसान अपनी भूमि का उपयोग गैर कृषि भूमि के लिए कर सकता है। यह सब नियम उपखण्ड अधिकारी सायला को पता होकर अवैध वसूली की मंशा से नोटिस भेजकर परेशान किया जाता है, यदि सायला तहसीलदार व सायला उपखण्ड अधिकारी ईमानदारी पूर्वक राजस्व वसूल करने की मंशा होती तो उनके उपखण्ड कार्यालय सायला शहर में सौ से ज्यादा कृषि भूमि में कॉलोनी काटकर बिना भूमि उपयोग परिवर्तन किये बगैर मकान बनाये है उनको नोटिस भेजकर करोडो रुपयों का राजस्व प्राप्त कर सकते थे, लेकिन उपखण्ड मुख्यालय से दुर 30 किलोमीटर राजस्व अधिकारी को गैर कृषि कार्य दिखते है लेकिन उनके उपखण्ड कार्यालय के आस-पास की कृषि भूमि पर बनी हुई अवैध कॉलोनी उनको दिखाही नहीं पडती। इनसे साफ जाहिर होता है कि राजस्व अधिकारियो की मंशा किसान सहायक को परेशान करने हेतु व डराने के लिए नोटिस निकाल कर अवैध वसूली करने के कार्य पर तुरंत रोक लगाए। जिससे किसान के खेत में पकने वाली अनार के ग्रेडिंग करने का कार्य शुरु रहे व किसान को उनकी अनार के उच्च मार्किट दाम मिलना शुरु रहे।

इस दौरान भारतीय किसान संघ, जालोर के जिलाध्यक्ष रतनसिंह, शिवेसना जिला प्रमुख रूपराज पुरोहित व किसान लोग मोहनलाल, चुन्नीलाल, महावीरसिंह, अमरसिंह, वागाराम, मिश्रीमल, मोडाराम, भैरूसिंह, मानाराम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर बाड़मेर जिला कलक्टर होंगी सम्मानित

बाडमेर, (कासं)। अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर मंगलवार को राज्य स्तरीय समारोह के दौरान दिव्यांगजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बाडमेर जिला कलक्टर टीना डाबी को सम्मानित किया जाएगा।

बाडमेर जिले में नवो बाडमेर के तहत समन्वित प्रयास, सशक्त समाज अभियान के जरिए 7025 लोगों की स्क्रीनिंग करने के साथ 2130 दिव्यांग प्रमाण पत्र अनुमोदित किए गए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए बाडमेर जिले में वृहद स्तर पर किए गए प्रयासों की राज्य स्तर पर सराहना की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक सुरेन्द्र प्रतापसिंह ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका भगवतसिंह मेहता सभागार में मंगलवार को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान बाडमेर जिला कलक्टर टीना डाबी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करेंगे। इसके अलावा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रोहिताश्व सिंह तोमर, जिला कलक्टर बांरा, जसमीत सिंह संधु, जिला कलक्टर, संलुबर, किशोर कुमार, जिला कलक्टर, खैरथल एवं डॉ. अर्पिता शक्ला, जिला कलक्टर, अलवर को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील नेतृत्व में प्रदेश के समावेशी और सर्वस्पर्शी विकास को समर्पित बजट प्रस्तुत किया गया।

युवक घायल

पाली, (निसं)। गुंदोज गांव के निकट रविवार देर शाम को अज्ञात वाहन की चेपट में आने से बाइक सवार युवक घायल हो गया।जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया,जहां डॉक्टरों की ओर से उनका प्राथमिक उपचार भी शुरू किया गया।बता दे कि युवक गुंदोज से पाली की ओर आ रहा था,तभी अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया और युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा था इसी दौरान पास से गुजर रहे सांवरिया गो सेवा संस्थान जो डिंगाई गांव से गो माता को लेकर पाली आ रहे थे।

डॉ. रामप्रसाद दाधीच 'प्रसाद' स्मृति काव्य गोष्ठी आयोजित

जोधपुर, ० (कासं)। अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में गांधी भवन में डॉ रामप्रसाद दाधीच 'प्रसाद' स्मृति काव्य गोष्ठी का आयोजन, उनकी 98 वीं जयंती पर गांधी शांति प्रतिष्ठान में किया गया। परिषद की महामंत्री और काव्य गोष्ठी संयोजिका डॉ पद्मजा शर्मा ने बताया कि काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कथाकार और शायर हबीब कैफी ने कुछ शेर कहे और कहा कि अपने शहर के कवियों, रचनाकारों को परिषद द्वारा याद करने की यह परंपरा अच्छी है। आपने काव्य गोष्ठी में हिन्दी ,उर्दू और राजस्थानी का जो संगम किया वह प्रशंसनीय है। दाधीच साहब के साथ मेरी, निजाम आदि की बातें होती थी ,लोक साहित्य को लेकर, साहित्य को लेकर। और यह एक लंबा सिलसिला है।

मुख्य अतिथि कवि और समीक्षक डॉ कौशलनाथ उपाध्याय ने कहा -मेरा दाधीच साहब के साथ एक लंबा साथ रहा। आज भी उनके साहित्य के माध्यम से उनसे जुडाव है। दाधीच साहब को पढते हुए कहा जा सकता है कि कविता कवि से अलग नहीं होती है। कविता अपने युग से निरपेक्ष नहीं होती। डॉ दाधीच वादों और आंदोलनों से दूर रहे और कविता की जो रागात्मक संवेदना है उस तक वे पहुंचे। उपाध्याय ने अपनी कविताओं का पाठ किया। विशिष्ट

डॉ. रामप्रसाद दाधीच 'प्रसाद' स्मृति काव्य गोष्ठी आयोजित हुई।

अतिथि कवि और समीक्षक डॉ गजेसिंह राजपुरोहित ने डॉ रामप्रसाद दाधीच के लेखन पर बात करते हुए अपनी कविता सुनाई -चितेरा! 'मन रै आंगण माण्ड मांडणां ,रुत उणियारै रंग ङ्क्तछांटणां' एवं ' पिणघट किणनै तिरसा मारै सैणी ! सत सपनां सिणगारै'।डॉ. इश्राकुल इस्लाम माहिर, ब्रजेश अम्बर, रेणु वर्मा, पूर्णिमा जायसवाल अदा , मधुर परिहार और कुलदीप सिंह भाटी इन कवियों के साथ ही डॉ दाधीच के पुत्र संजय और पुत्रवधू संगीता ने भी विविध विषयों पर कविता पाठ किया। गीत-गजल सुनाकर वातावरण को काव्यमय किया। डॉ.पद्मजा शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। पूर्णिमा जायसवाल अदा ने काव्य गोष्ठी का सुघड संचालन किया। धन्यवाद की जिम्मेदारी का निर्वहन गांधी शांति प्रतिष्ठान के सचिव डॉ भावेन्द्र शरद जैन ने किया ।इससे पूर्व माँ सरस्वती और डॉ दाधीच के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। श्रोताओं में शीन काफ निजाम साहब, दीप्ति कुलश्रेष्ठ, डॉ रवि कुमार दाधीच, डॉ प्रमोद दाधीच, संजय दाधीच, बसंती पँवार, डॉ चाँदकौर जोशी, राकेश मूथा, रिचा शरद अग्रवाल, डॉ रंजना उपाध्याय, बादलराज सिंघवी , डॉ तृप्ति गोस्वामी ,नीलम व्यास , डॉ सूरज माहेश्वरी, नेमीचन्द गहलोत, डॉ निसार राही, मुहम्मद अफजल जोधपुरी, दशरथ कुमार, श्रीकांता सहित अनेक काव्य प्रेमी और डॉ दाधीच के परिवारजन उपस्थित थे।

सार-समाचार

शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

जालोर, (कासं)। पाली जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुमेरपुर में शिक्षक संघ राष्ट्रीय की संभाग स्तरीय बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष प्रारंभिक शिक्षा अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिला मंत्री कपूर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि बैठक मे संभाग के सभी जिलों द्वारा हाल ही में आयोजित महिला विचार गोष्ठी और प्रधानाचार्य संवाद कार्यक्रम का वृत प्रस्तुत किया गया। संभाग में सर्वाधिक संख्या के साथ विचार संगोष्ठी आयोजित करवाने के लिए जालोर जिले की प्रशंसा की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष शैतान सिंह राठौड ने आगामी 25 और 26 तारीख को सोनाणा खेतलाजी में आयोज्य अभ्यास वर्ग की जानकारी प्रदान की और सभी अपेक्षित को उपस्थित रहने का आव्हान किया। साथ ही आगामी दिनों में आयोजित होने वाले प्रदेश सम्मेलन के बारे में बताया कि सम्मेलन सांवरियाजी मंदिर चित्तौडगढ में आयोजित होगा। जिसमें अधिकाधिक शिक्षकों के भाग लेने हेतु रूपरेखा बनाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। बैठक को जोधपुर प्रांत के धर्म जागरण प्रमुख रामचंद्र भाई ,प्रदेश सह संगठन मंत्री मुकेश जोशी द्वारा भी संबोधित किया गया। बैठक के पश्चात उपस्थित सभी शिक्षकों द्वारा शहीद मेजर शैतान सिंह भाटी की जयंती पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर संभाग संयुक्त मंत्री दीप सिंह देवल,विभाग संगठन मंत्री सतीश शर्मा सभाध्यक्ष गोपाल सिंह राव,जिलाध्यक्ष जालोर हीर सिंह राठौड,कोषाध्यक्ष नाथा राम भाटी, संगठन मंत्री पाली अमर सिंह राजपुरोहित,पाली जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह राणावत, सिरोही जिलाध्यक्ष विजय प्रकाश गौतम, सांचौर जिलाध्यक्ष हरिकिशन चौधरी, सहित सभी जिलों के मंत्रीगण एवं अपेक्षित सदस्य उपस्थित रहे।

राठौड दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

जालोर, (कासं)। चार वर्षो के लिए कार्यकारिणी में उम सिंह राठौड लगातार दूसरी बार जालोर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी प्रभुदान राव सहायक चुनाव अधिकारी रामनिवास चौधरी के अनुसार 21 पदों पर हुए चुनावों में सभी पदों के लिए एक एक नामांकन 23 नवंबर तक प्राप्त हुए जिनकी जाँच कर अंतिम सूची 30 नवंबर को जारी कर दी गई थी। इसके बाद निर्विरोध कार्यकारिणी का गठन रविवार को होटल कौशल इंटरनेशनल सांचोर में हुआ चुनाव प्रक्रिया एवं कार्यकारिणी की घोषणा राजस्थान फुटबॉल संघ के आब्जर्वर डॉ. दिनेश सिंह चौहान स्पोर्ट्स कौंसिल के पर्यवेक्षक के प्रतिनिधि महावीर जालोर डिस्ट्रिक्ट ओलिंपिक एसोसिएशन के आब्जर्वर हरिराम सारण सचिव जालोर जिला कुश्ती संघ की मौजूदगी में की गई। जालोर जिला फुटबॉल संघ की वार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव के समापन समारोह के अतिथि डॉ.भूपेंद्र विश्नोई, तेजाराम मांजू सेवानिवृत एक्सईएन, आमसिंह परिहार पूर्व प्रधान आहोर जगदीश सारण दाता डायरेक्टर प्रोमेक प्राइवेट लिमिटेड नरेश मोदी एसीटीओ नरेश सिंह चौहान सचिव राजस्थान जिमनास्टिक्स संघ फरस सिंह सचिव बाड़मेर फुटबॉल संघ ने विजेता उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दी।मुख्य संरक्षक लाल सिंह सांखला संरक्षक मंगल सिंह राठौड अध्यक्ष उम सिंह राठौड वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश सारण दाता उपाध्यक्ष मून सिंह राठौड, हिम्मत सिंह सोलंकी,जसवंत सिंह उदावत, प्रवीण सोलंकी,प्रवीण सारण गजे सिंह सचिव हरिराम डारा सयुंक्त सचिव नरपत देवासी सांचोर गुमान सिंह परमार, नरेश मोदी प्रकाश सियाग भागीरथ गर्ग कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह सांखला आयोजन सचिव जीतेन्द्र सिंह सांखला को बनाया गया। वही कार्यकारिणी सदस्य में जयसिंह इंदा, प्रकाश भटनागर नाथू सोलंकी शैलेश लोधी देवानन्द जोधवानी स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ आउटस्टैंडिंग मेरिट में भावना कुमारी, सादिक खान एथलीट्स कमीशन में भगवती विश्नोई,मनोहर लाल सुथार निर्वाचित घोषित किए गए। नव निर्वाचित अध्यक्ष उम सिंह राठौड ने अपने उद्बोधन में बोलते हुए कहा कि हमारा पहला लक्ष्य सांचोर व जालोर में जालोर जिला फुटबॉल एसोसिएशन का स्वयं का खेल मैदान और फुटबॉल एकेडमी स्थापित करना हैं। जिनसे की जिले एवं प्रदेश की फुटबॉल प्रतिभाओं को उचित प्लेटफॉर्म मिल सके।इस दौरान रुपाराम ढाका प्राचार्य प्रकाश सियाक प्राचार्य शैतानाराम गोदारा उपाचार्य अमृत मांजू,घेवरचंद शा शि, पुखराज सारण, पूर्वपार्षद भजनलाल जाणी, प्रवीण जाणी व्याख्याता नेहान विश्नोई इमर्जिंग फुटबॉलर, डॉ कैलाश विश्नोई, विकास मांजू जेईएन, मनोज विश्नोई, नरेश खीचड, जोगाराम देवासी, पाबूराम, भगीरथ सारण, जगदीश गोदारा जगदीश साहू शंकर डारा, रामकिशन डारा सहित नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों अतिथियों और कार्यक्रम आमसभा में उपस्थित महानुभावों को जिलाध्यक्ष उम सिंह राठौड के द्वारा ट्रेकसूट एवं मोमेंटो प्रदान किए गए।

प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा 2024-25 के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से नगरीय निकायों में किये जाने वाले सड़कों के कार्यों के लिए जालोर नगर परिषद क्षेत्र में 2 करोड़, भीनमाल नगरपालिका के लिए 1 करोड़ तथा नवीन घोषित आहोर व सायला नगरपालिका में 40 लाख की राशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई हैं। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि स्थानीय निकाय विभाग जयपुर द्वारा बजट घोषणा 17.01/2024-25 के अंतर्गत सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से 56 नगरीय निकायों में कुल 295 कार्यों के लिए स्वीकृत 317.50 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई हैं। स्वीकृति के तहत नगर परिषद जालोर में 2 करोड़ की राशि के 4 कार्य, नगरपालिका भीनमाल में 1 करोड़ की राशि के 5 कार्य तथा नवीन घोषित आहोर व सायला नगरपालिका में 40-40 लाख की राशि से 1-1 कार्य करवाया जायेगा। जालोर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगरपरिषद क्षेत्र जालोर में गिटको होटल से सिरे मंदिर तक सड़क कार्य (1500 मीटर लम्बाई) के लिए अनुमानित 1 करोड़ 42 लाख, वेटेनरी हॉस्पिटल से केनाल हेड पोस्ट ऑफिस सड़क के नवीनीकरण कार्य (350 मीटर लंबाई) के लिए अनुमानित 40 लाख, केनाल सड़क से रूपनगर सड़क के नवीनीकरण कार्य (100 मीटर लंबाई) के लिए अनुमानित 6 लाख तथा विवेकानन्द स्कूल गली से पीएचईडी ऑफिस शिवाजी नगर के नवीनीकरण कार्य (190 मीटर) के लिए अनुमानित 12 लाख रूपये व्यय कर सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से सड़कों का विकास किया जायेगा।

अधिशेष शिक्षकों के समायोजन को लेकर शिक्षकों में मची हलचल

बाडमेर, (कासं)। शिक्षा विभाग में अधिशेष शिक्षकों की समायोजन की कवायद तेज हो गई है। बाडमेर-बालोतरा जिले में करीब 4000 शिक्षक सर प्लस होगे। शिक्षा निदेशालय बीकानेर के अनुसार 6 दिसंबर तक इन अधिशेष शिक्ष